भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या-8**

उत्तर देने की तारीख-21/07/2025

**पीएम पोषण योजना**

*8. **डॉ. राजेश मिश्रा:**

**श्री काली चरण सिंह:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पंजाब और उत्तर प्रदेश विशेषकर फूलपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश में प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने बच्चे अध्ययनरत हैं;

(ख) इन विद्यालयों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए रसोइयों-सह-सहायकों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और विशेषकर मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बच्चों को सुरक्षित और स्वास्थ्यकर भोजन उपलब्ध कराने के लिए खाद्यान्नों के भण्डारण और संरक्षण हेतु कितने रसोई-सह-भंडारगृहों का निर्माण किया गया है;

(घ) क्या देश के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए इस योजना के अंतर्गत कोई विशेष प्रावधान किए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**

**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ङ): विवरण सभा के पटल पर रख दिया गया है।

**माननीय संसद सदस्य डॉ. राजेश मिश्रा और श्री काली चरण सिंह द्वारा 'पीएम पोषण योजना' के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 8 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) और (ख): प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझेदारी में कार्यान्वित की जाने वाली सबसे प्रमुख अधिकार आधारित केंद्र प्रायोजित योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के बाल वाटिका (कक्षा-1 से ठीक पहले) और कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले सभी बच्चों को गर्म पका हुआ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। यह योजना सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 10.35 लाख से अधिक स्कूलों के लगभग 11 करोड़ बच्चों को कवर करती है। इस योजना का बजट अनुमान लगभग 12,500 करोड़ रुपये है और भारत सरकार द्वारा भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से लगभग 9,000 करोड़ रुपये की लागत से 26 लाख मीट्रिक टन के बराबर 100% खाद्यान्न की आपूर्ति की गई है। पात्र बच्चों को गर्म पका हुआ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की समग्र जिम्मेदारी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की है। पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित पीएम पोषण योजना के तहत नामांकित बच्चों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में संलग्न है। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने रिपोर्ट दी है कि फूलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1189 स्कूलों में कुल 1,26,202 बच्चे पीएम पोषण योजना के तहत कवर किए गए हैं।

पीएम पोषण योजना के तहत कार्यरत रसोइया-सह-सहायकों (सीसीएच) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुलग्नक-II** में दी गई है। इस योजना के तहत 24 लाख से अधिक सीसीएच कार्यरत हैं, जिनमें से 90% से अधिक महिलाएं हैं।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कुल आवर्ती बजट का 5% फ्लेक्सी घटक के रूप में अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग किए जाने का प्रावधान है। इसका उपयोग स्कूल पोषण उद्यानों की स्थापना और चिह्नित जिलों में पूरक पोषण मध्यवर्तनों जैसे चिक्की, अंडे, दूध, फल और अतिरिक्त खाद्य पदार्थों आदि के प्रावधान के लिए किया जा सकता है। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को निर्धारित पोषण और खाद्य मानदंडों के तहत स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल व्यंजन-सूची तय करने और स्थानीय स्तर पर उगाए गए खाद्य पदार्थों जैसे बाजरा, सब्जियां, मसाले आदि खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

शिक्षा सप्ताह उत्सव के दौरान, तिथि भोजन के तहत 2 करोड़ से अधिक भोजन उपलब्ध कराए गए। तिथि भोजन के तहत देश भर में 5.77 लाख स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 6.43 करोड़ विद्यार्थी लाभान्वित हुए थे। इस योजना के तहत 6.28 लाख से अधिक स्कूलों में स्कूल पोषण उद्यान (एसएनजी) स्थापित किए गए हैं।

(ग) से (ङ): उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित देश में बच्चों को सुरक्षित और स्वास्थ्यकर भोजन उपलब्ध कराने के लिए खाद्यान्नों के भंडारण और संरक्षण हेतु निर्मित रसोई-सह-भंडारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत पूरे भारत में स्वीकृत 9.41 लाख रसोई-सह-भंडार (केसीएस) के सापेक्ष 9.11 लाख (97%) रसोई-सह-भंडार (केसीएस) का निर्माण किया जा चुका है। मध्य प्रदेश सरकार ने बताया है कि सीधी संसदीय क्षेत्र में 3,914 स्कूल हैं और सभी स्कूलों में रसोई-सह-भंडार (केसीएस) हैं।

प्रधान मंत्री पोषण योजना राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ साझेदारी में कार्यान्वित की जाती है। केन्द्र सरकार खाद्यान्न की लागत, परिवहन लागत तथा प्रबंधन निगरानी एवं विकास (एमएमई) की लागत के लिए 100% सहायता प्रदान करती है। केंद्र और राज्यों एवं विधानमंडल वाले संघ राज्य क्षेत्रों के बीच मौजूदा लागत बंटवारा अनुपात 60:40, जम्मू एवं कश्मीर सहित पूर्वोत्तर क्षेत्रों (एनईआर)/हिमालयी राज्यों के लिए 90:10 और विधानमंडल रहित संघ राज्य क्षेत्रों में सामग्री लागत, रसोइया-सह-सहायकों (सीसीएच) को मानदेय, रसोई-सह-भंडार के निर्माण और मरम्मत तथा रसोई उपकरणों की खरीद संबंधी घटकों के लिए 100% है। पूर्वोत्तर राज्यों और 4 हिमालयी राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के लिए, एफसीआई गोदाम से स्कूल के द्वार तक खाद्यान्न का परिवहन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा बताई गई वास्तविक पीडीएस दर के अनुसार होता है। शेष राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए, यह पीडीएस दर के अनुसार या 1500 रुपये प्रति मीट्रिक टन, इनमें से जो भी कम हो, होता है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**माननीय संसद सदस्य डॉ. राजेश मिश्रा और श्री काली चरण सिंह द्वारा 'पीएम पोषण योजना' के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 8 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**पीएम पोषण योजना के अंतर्गत नामांकित बच्चों की संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | नामांकित छात्रों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बाल वाटिका | प्राथमिक | उच्च प्राथमिक | कुल |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 5136 | 13279 | 10811 | 29226 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 0 | 1520162 | 1072578 | 2592740 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 12817 | 76866 | 52116 | 141799 |
| 4 | असम | 225180 | 2424677 | 1269192 | 3919049 |
| 5 | बिहार | 0 | 11403140 | 5905157 | 17308297 |
| 6 | चंडीगढ़ | 14918 | 44270 | 40684 | 99872 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 54376 | 1698427 | 1101784 | 2854587 |
| 8 | दिल्ली | 110242 | 795229 | 750600 | 1656071 |
| 9 | दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव | 7678 | 40647 | 27143 | 75468 |
| 10 | गोवा | 2571 | 92501 | 66571 | 161643 |
| 11 | गुजरात | 529306 | 2746239 | 1880218 | 5155763 |
| 12 | हरियाणा | 80862 | 828533 | 638714 | 1548109 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 71713 | 247577 | 194194 | 513484 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 182596 | 490147 | 279365 | 952108 |
| 15 | झारखंड | 42515 | 2643989 | 1417241 | 4103745 |
| 16 | कर्नाटक | 0 | 2538958 | 1594454 | 4133412 |
| 17 | केरल | 144048 | 1535147 | 1106725 | 2785920 |
| 18 | लद्दाख | 4404 | 8836 | 4324 | 17564 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1284 | 5089 | 2588 | 8961 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 13563 | 3632241 | 2378417 | 6024221 |
| 21 | महाराष्ट्र | 0 | 5844748 | 3806852 | 9651600 |
| 22 | मणिपुर | 25828 | 125456 | 37762 | 189046 |
| 23 | मेघालय | 138157 | 388309 | 183203 | 709669 |
| 24 | मिजोरम | 24965 | 75162 | 38860 | 138987 |
| 25 | नागालैंड | 41394 | 56964 | 30613 | 128971 |
| 26 | ओडिशा | 0 | 2508205 | 1744933 | 4253138 |
| 27 | पुदुचेरी | 7235 | 24908 | 19163 | 51306 |
| 28 | पंजाब | 161969 | 1065257 | 682832 | 1910058 |
| 29 | राजस्थान | 46009 | 3361174 | 2294665 | 5701848 |
| 30 | सिक्किम | 6164 | 21002 | 17440 | 44606 |
| 31 | तमिलनाडु | 0 | 2088361 | 1859468 | 3947829 |
| 32 | तेलंगाना | 0 | 977864 | 597345 | 1575209 |
| 33 | त्रिपुरा | 11649 | 216231 | 141940 | 369820 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 0 | 9607384 | 5621120 | 15228504 |
| 35 | उत्तराखंड | 0 | 362732 | 257034 | 619766 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 955581 | 6306899 | 4081666 | 11344146 |
| | **कुल** | **2922160** | **65816610** | **41207772** | **109946542** |

अनुलग्नक- II

माननीय संसद सदस्य डॉ. राजेश मिश्रा और श्री काली चरण सिंह द्वारा 'पीएम पोषण योजना' के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 8 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

**पीएम पोषण के अंतर्गत कार्यरत रसोइया-सह-सहायकों की संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | रसोइया-सह-सहायकों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 721 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 80890 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 5753 |
| 4 | असम | 108280 |
| 5 | बिहार | 232458 |
| 6 | चंडीगढ़ | 900 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 87646 |
| 8 | दिल्ली | 20890 |
| 9 | दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव | 1157 |
| 10 | गोवा | 2633 |
| 11 | गुजरात | 96103 |
| 12 | हरियाणा | 29809 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 21054 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 30101 |
| 15 | झारखंड | 75421 |
| 16 | कर्नाटक | 118950 |
| 17 | केरल | 13453 |
| 18 | लद्दाख | 924 |
| 19 | लक्षद्वीप | 20 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 201404 |
| 21 | महाराष्ट्र | 164558 |
| 22 | मणिपुर | 6452 |
| 23 | मेघालय | 19549 |
| 24 | मिजोरम | 4963 |
| 25 | नागालैंड | 4623 |
| 26 | ओडिशा | 108806 |
| 27 | पुदुचेरी | 1031 |
| 28 | पंजाब | 44407 |
| 29 | राजस्थान | 115726 |
| 30 | सिक्किम | 1891 |
| 31 | तमिलनाडु | 128130 |
| 32 | तेलंगाना | 54201 |
| 33 | त्रिपुरा | 11184 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 363202 |
| 35 | उत्तराखंड | 23883 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 226676 |
|  | **कुल** | **2407849** |

अनुलग्नक-III

**माननीय संसद सदस्य डॉ. राजेश मिश्रा और श्री काली चरण सिंह द्वारा 'पीएम पोषण योजना' के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 8 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**पीएम पोषण योजना के तहत निर्मित रसोई-सह-भंडारों की संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | संस्वीकृत | निर्मित | निर्मित % में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 169 | 169 | 100% |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 32347 | 31525 | 97% |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 4085 | 4085 | 100% |
| 4 | असम | 56795 | 51271 | 90% |
| 5 | बिहार | 58847 | 58847 | 100% |
| 6 | चंडीगढ़ | 15 | 15 | 100% |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 47266 | 47266 | 100% |
| 8 | दिल्ली | सभी रसोई केंद्रीकृत हैं | | |
| 9 | दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव | 82 | 82 | 100% |
| 10 | गोवा | सभी रसोई केंद्रीकृत हैं | | |
| 11 | गुजरात | 25077 | 25077 | 100% |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 14959 | 14959 | 100% |
| 13 | हरियाणा | 11483 | 11040 | 96% |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 6791 | 6791 | 100% |
| 15 | झारखंड | 32070 | 33776 | 105% |
| 16 | कर्नाटक | 40477 | 40473 | 100% |
| 17 | केरल | 5481 | 5481 | 100% |
| 18 | लद्दाख | 327 | 327 | 100% |
| 19 | लक्षद्वीप | स्वयं के संसाधनों से निर्मित | | |
| 20 | मध्य प्रदेश | 103401 | 98742 | 95% |
| 21 | महाराष्ट्र | 69803 | 62276 | 89% |
| 22 | मणिपुर | 2966 | 2739 | 92% |
| 23 | मेघालय | 9758 | 9758 | 100% |
| 24 | मिजोरम | 2541 | 2541 | 100% |
| 25 | नागालैंड | 2223 | 2223 | 100% |
| 26 | ओडिशा | 69152 | 69152 | 100% |
| 27 | पुदुचेरी | 105 | 105 | 100% |
| 28 | पंजाब | 19052 | 18969 | 100% |
| 29 | राजस्थान | 50312 | 50312 | 100% |
| 30 | सिक्किम | 948 | 948 | 100% |
| 31 | तमिलनाडु | 28470 | 28470 | 100% |
| 32 | तेलंगाना | 30408 | 17761 | 58% |
| 33 | त्रिपुरा | 5304 | 5304 | 100% |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 113091 | 113091 | 100% |
| 35 | उत्तराखंड | 15778 | 15778 | 100% |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 81956 | 81948 | 100% |
| **कुल** | | **941539** | **911301** | **97%** |